# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

## कार्य परिषद् की बैठक

दिनांक - 28.07.2021
समय पूर्वाह्ण - 11:30 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

1- प्रो. हरेराम त्रिपाठी, कुलपति- अध्यक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2- | प्रो. रमेश प्रसाद | 3- | प्रो. हीरक कान्ति चक्रवर्ती |
| 4- | प्रो. राजनाथ | 5- | प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी |
| 6- | डा. दिनेश कुमार गर्ग | 7- | डा. विजय कुमार शर्मा |
| 8- | प्रो. योगेश चन्द्र दूबे | 9- | प्रो. सीमा सिंह |
| 10- | डा. अरूण कुमार राय | 11- | डा. विजेन्द्र कुमार आर्य |
| 12- | वित्त अधिकारी | 13- | कुलसचिव - सचिव |

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने परिषद् में माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा मनोनित नव आगन्तुक मा. सदस्यो प्रो.योगेश चन्द्र दूबे, प्रो. सीमा सिंह एवं डा.अरूण कुमार राय का अभिनन्दन एवं सम्मान करते हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

कार्यक्रम संख्या-1- कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 05.04.2021 की कार्यवाही की पुष्टि।

निर्णय -विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 05.04.2021 के बी.एल.एड. हेतु स्वामी शिवेन्द्र पुरी संस्कृत महाविद्यालय जौनपुर के मान्यता से इतर विषयों की कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

कार्यक्रम संख्या-2- कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 05.04.2021 में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन की सूचना।

निर्णय -कार्यपरिषद् क्रियांवयन रिपोंट से अवगत होते हुए बी.एल.एड. से इतर विषयों पर की गयी कृत कार्यवाही अपनी स्वीकृति प्रदान की।

कार्यक्रम संख्या-3- विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 26.07.2021 की संस्तुतियों पर विचार।
कार्यपरिषद् के समक्ष विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 26.07.2021 की अधोलिखित संस्तुतियां प्रस्तुत की गयी-

विद्या परिषद् की बैठक

दिनांक - 26.07.2021
समय मध्याह्ण - 12:00 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

कार्यपरिषद् को यह भी अवगत कराया गया कि प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने वाले सहायक पुस्तकाध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार तिवारी, 31 जुलाई 2021 को सेवानिवृत्त होगें।

निर्णय- कार्यपरिषद् ने मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या 55164/2017 में पारित आदेश दिनांक 21.11.2017 एवं प्राप्त विधिक राय का गहनतापूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् निर्णय लिया कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश एवं प्राप्त विधिक राय को दृष्टि में रखते हुए मा. कुलाधिपति महोदय को प्रकरण संदर्भित कर दिशा-निर्देश प्राप्त किया जाय। साथ ही मा. कुलाधिपति महोदय के अन्यथा आदेश / निर्देश प्राप्त होने तक श्री जितेन्द्र कुमार तिवारी एवं अन्य पुस्तकालय संवर्ग के कर्मियों (पुस्तकालयाध्यक्ष, उप पुस्तकाध्यक्ष एवं सहायक पुस्तकाध्यक्ष) से सत्रांत लाभ के अन्तर्गत कार्य लिया जायें।

4- ज्योतिष शास्त्रीय परामर्श केन्द्र संचालन हेतु प्रस्ताव पर विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष ज्योतिष विभाग द्वारा प्रस्तुत ज्योतिष शास्त्रीय परामर्श केन्द्र संचालन हेतु अधोलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया-

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
ज्योतिष विभाग,
ज्योतिष शास्त्रीय परामर्श केन्द्र संचालन हेतु प्रस्ताव

प्रस्तावना एवं उद्देश्य–

ज्योतिष विभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के ज्योतिष विभाग द्वारा स्थापना काल से ही निरन्तर ज्योतिषशास्त्र का अध्ययन, अध्यापन व शोधकार्य निर्बाध गति से पारम्परिक एवं प्रायोगिक विधि से किया जा रहा है । सम्प्रति विभाग में शास्त्री, आचार्य एवं अनुसन्धान के निर्धारित पाठ्यक्रम में छात्र पंजीकृत हैं । ज्योतिष शास्त्र की समसामयिक उपादेयता एवं लोकोपयोगिता तथा समाज में इस शास्त्र के प्रति आस्था व जिज्ञासा को देखते हुए ज्योतिष विभाग, सं. सं. वि वि द्वारा परामर्श केन्द्र की स्थापना प्रस्तावित है। जिससे समाज में व्याप्त भ्रमात्मक अवधारणाओं से निवृत्त हो ज्योतिष शास्त्र के शास्त्रीय समाधान एवं परामर्श द्वारा सर्वजन उपकृत होगा। इस परियोजना से ज्योतिष विभाग के शोध छात्र भी लाभान्वित होगें तथा विभागीय शोध कार्य हेतु प्रदत्तों का संकलन (Data Collection) विशेष लाभप्रद होगा।

कार्य योजना–

इस परामर्श केन्द्र के संचालन एवं समन्वयन हेतु निम्नलिखित कार्य योजना प्रस्तावित है–

1- परामर्श केन्द्र एकान्तर कार्य दिवसों में अर्थात् सप्ताह में तीन (3) दिन सायं काल 4.00–6.00 कार्य करेगा।

2- इसमें अन्तर्गत विभागीय आचार्य ज्योतिष शास्त्रीय परामर्श प्रदान करेंगें।

3 इस हेतु परामर्श शुल्क रु. 250.00 (दो सौ पचास मात्र) निर्धारित किया जायेगा।

4- इस प्रकल्प का क्रियान्वयन ज्योतिष विभागीय आचार्यों के कक्ष में ही किया जायेगा।

आय- व्यय विवरण-

निर्धारित शुल्क का समायोजन निम्नलिखित विवरणानुसार किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | प्रकल्प | व्यय (प्रतिशत में) | रूपये |
|---|---|---|---|
| 1 | परामर्श दाता आचार्य पारिश्रमिक | 40 % | 100.00 प्रति परामर्श |
| 2 | विश्वविद्यालय कोष में जमा | 40 % | 100.00 प्रति परामर्श |
| 3 | विभागीय व्यय | 20 % | 50.00 प्रति परामर्श |
| | | कुल राशि | 250.00 / |

इसके अतिरिक्त जातक निर्माण हेतु संगणक एवं मुद्रण शुल्क- अतिरिक्त देय होगा जिसका उपयोग परामर्श केन्द्र के शैक्षणिक सामग्रियों के क्रय हेतु किया जा सकेगा। ज्योतिष विभाग द्वारा उक्त प्रकल्प के अनुमोदन हेतु यह प्रस्ताव माननीय कुलपति महोदय के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

27.7.21

प्रो. [illegible]
आचार्य एवं अध्यक्ष
ज्योतिष विभाग
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

निर्णय- कार्यपरिषद् ने विचार-विमर्श के पश्चात् ज्योतिष शास्त्रीय परामर्श केन्द्र संचालन हेतु स्वीकृति प्रदान की।

5- सरस्वती भवन पुस्तकालय में पुस्तकों के मूल्य वृद्धि एवं शुल्क वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार।

कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि सरस्वती भवन पुस्तकालय द्वारा पुस्तकों के मूल्य वृद्धि एवं शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय- कार्यपरिषद् ने उपरोक्त पर विचार-विमर्श करने के पश्चात् निर्देश प्रदान किया कि प्रकरण मूल्य वृद्धि एवं शुल्क वृद्धि से सम्बन्धित है, अतः इस प्रस्ताव को पहले वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत की जाय।

6- अधिवक्ताओं के पैनल पर विचार।